

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

**अनमोल वचन**

घमंड ना करना जिंदगी में, तकदीर बदलती रहती है, आईना वही रहता है, तस्वीर बदलती रहती है।

सोमवार 01 जून 2026 बर्ष 02 अंक 144 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## हॉन्गकॉन्ग,चीन में आयोजित 22वीं जूनियर एशियाई एथलेटिक्स चौंपियनशिप में भारत को मिला कांस्य पदक

### रोहतास बिहार के पीयूष राज बने एशियन एथलेटिक्स चौम्पियनशिप में पदक जीतने वाले बिहार के पहले खिलाड़ी

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट 'पटना।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि हॉन्गकॉन्ग,चीन में आयोजित 22वीं जूनियर एशियाई एथले. टिक्स चौंपियनशिप में भारत ने 4×400 मीटर रिले रेस में 3:05.54 सेकंड के नए मीट रिकॉर्ड के साथ कांस्य पदक जीत लिया है। आगे श्री शंकरण ने कहा कि भारतीय 4×400 रिले टीम में रोहतास, बिहार के पीयूष राज सहित सैयद सबीर ,रंजीत कुमार और मोहम्मद अशफाक शामिल थे। एशियन एथलेटिक्स चौम्पियनशिप में भारतीय टीम के पीयूष ने पदक जीतने वाले




बिहार के पहले खिलाड़ी बन कर इतिहास रच दिया है । यह ना सिर्फ हम सब के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है बल्कि राज्य के अन्य खिलाडियों के लिए भी बहुत उत्साहवर्धक है। रो. हतास की पहाड़ियों से लेकर हांगकांग की सड़कों तक। नंगे पैर चलने से लेकर च्न्ड। स्ट्राइप्स तक, और ठै। टी–शर्ट से लेकर प्छक्। की शान तक। यह सिर्फ़ एक सफ़र नहीं है; यह बदलाव का एक मास्टरक्लास है। सफलता के आपके अगले चौप्टर के लिए खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण तथा समस्त खिलाडियों और खेल प्रेमियों की आपको अशेष शुभकामनाएं ।

## कलावती देवी के श्राद्ध में शामिल हुए मंत्री, दी श्रद्धांजलि



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** ग्रामीण विकास मंत्री सह सूचना जन–संपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने शनिवार की शाम को अस्थायी पटेल धर्मशाला के संरक्षण सह रोटेरियन रामकृष्णा प्रसाद की पत्नी कलावती देवी के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर श्रद्धांजलि दिया। कलावती देवी 70 वर्ष की थी। मंत्री ने शोकाकुल परिवार से मिलकर सांत्वना दी। उन्होंने रामकृष्णा प्रसाद, पुत्र युवराज पटेल, पुत्रवधु किरण पटेल, पौत्र अभिषेक पटेल उर्फ रोहित, पौत्री अर्चना पटेल को धीरज से काम लेने को कहा। मंत्री ने कहा कि यह तो कुदरत का रीत है। आने वाले को एक दिन जाना ही है। लोगों के किये काम ही बस याद रह जाता है। कलावती देवी मूल रूप से परबलपुर थाना क्षेत्र के गौरव नगर के रहने वाली थीं। मंत्री ने रामकृष्णा प्रसाद को धीरज बंधाते हुए कहा कि उपर वाले पर भरोसा रखें। उसके आगे किसी की नहीं चलती है। कलावती देवी के निधन पर जदयू नेता मुन्ना कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम सिंह, नगर अध्यक्ष राकेश कुमार, मीडिया प्रभारी कुमार वेदनिधि, अजय पासवान, अजीत कुमार वर्मा सहित अन्य ने भी शोक जताया और श्रद्धांजलि दी।

## शाही स्नान पर हाईटेक निगरानी, कंट्रोल रूम से डीएम–एसपी ने संभाली सुरक्षा व्यवस्था की कमान

### राजगीर मलमास मेले में लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राजकीय राजगीर मलमास मेला–2026 में शाही स्नान के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और सुगम आवागमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। रविवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने अत्याधुनिक नियंत्रण कक्ष से सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पूरे मेला क्षेत्र की गतिविधियों की लगातार निगरानी की। प्रशासन द्वारा स्थापित कंट्रोल रूम से सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, श्रद्धालुओं के आवागमन, यातायात संचालन तथा विधि–व्यवस्था की स्थिति पर चौबीसों घंटे नजर रखी जा रही है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों की विशेष प्रतिनियुक्ति की गई है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मेला क्षेत्र के प्रमुख प्रवेश एवं निकास द्वार, स्नान घाट, मंदिर परिसर, पार्किंग स्थल तथा अन्य संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इनकी निगरानी कंट्रोल रूम से की जा रही है ताकि किसी भी असामान्य गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने कहा कि शाही स्नान के दौरान विधि–व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेला क्षेत्र के चप्पे–चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों को भी पर्याप्त संख्या में लगाया गया है।



साथ ही असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष यातायात योजना लागू की गई है। विभिन्न मार्गों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई है, जबकि वाहनों की पार्किंग के लिए अलग–अलग स्थान निर्धारित किए गए हैं। मेला क्षेत्र में बैरिकेडिंग, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली, सूचना केंद्र और सहायता शिविर भी स्थापित किए गए हैं।खोया–पाया केंद्र को भी सक्रिय रखा गया है, जहां बिछड़े हुए श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करते हुए मेला क्षेत्र में अस्थायी स्वास्थ्य शिविर, एंबुलेंस और चिकित्सा दल की तैनाती की गई है। अग्निशमन विभाग की टीम भी आवश्यक उपकरणों के साथ अलर्ट मोड में मौजूद है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। प्रशासन द्वारा साफ–सफाई, पेयजल और शौचालय की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। नगर निकाय और संबंधित विभागों को नियमित सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। शाही स्नान को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु राजगीर पहुंच रहे हैं। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस या प्रशासन को देने की अपील की है। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित कई जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## दूसरे शाही स्नान में सात लाख लोगों ने लगायी डुबकी

### साधु–संत अपने मठों से भक्तों के साथ निकाला जुलूस, किया कुंड स्नान



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** राजकीय मलमास मेला के दूसरे शाही स्नान में साधु–संत व श्रद्धालु मिलाकर विभिन्न कुंडों में सात लाख से अधिक लोगों ने श्रद्धा की डुबकी लगायी। शाही स्नान को लेकर शनिवार की रात से ही श्रद्धालु राजगीर पहुंचने लगे थे। शाही स्नान के पावन अवसर पर करपात्री अग्निहोत्री परमहंस स्वामी चिदात्मन जी महाराज उर्फ फलाहारी बाबा, झुनकिया बाबा के अंतर्यामी शरण जी महाराज के अलावा अन्य साधु–संतों ने अपने भक्तों के साथ विभिन्न कुंडों में स्नान किए। इससे पहले अपने मठों से गाजे–बाजे के साथ वे अपने भक्तों के साथ निकले और कुंड तक आये। पंडा कमेटी के प्रवक्ता सुधीर कुमार उपाध्याय ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में राजगीर के कुंडो में स्नान और दर्शन करने से अश्वमेध यज्ञ करने का फल प्राप्त होता है साथ में प्राणी को धन वैभव और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि पुरुषोत्तम मास के मेला में धरती के सारे तीर्थ राजगीर में पधार जाते हैं और कुंडो में स्नान करने से सारे तीर्थों का फल मिल जाता है।







# राजगीर मलमास मेले में सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राजकीय राजगीर मलमास मेला–2026 में शाही स्नान के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और बेहतर सुविधाओं को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। रविवार को जिला प्रशासन द्वारा स्थापित अत्याधुनिक नियंत्रण कक्ष से पूरे मेला क्षेत्र की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी गई। जिलाधिकारी के नेतृत्व में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी नियंत्रण कक्ष से सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, श्रद्धालुओं के आवागमन, यातायात संचालन तथा विधि–व्यवस्था की स्थिति की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक निर्देश भी दिए जा रहे हैं। प्रशासन के अनुसार राजगीर मलमास मेला देशभर के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। शाही स्नान के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। मेला क्षेत्र के प्रमुख प्रवेश एवं निकास द्वार, स्नान घाटों, पार्किंग स्थलों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी नियंत्रण कक्ष से चौबीसों घंटे की जा रही है। भीड़ प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए अलग–अलग प्रवेश और निकास मार्ग निध. ारित किए गए हैं। श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन के लिए बैरिकेडिंग, दिशा–सूचक बोर्ड और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, दंड. ाधिकारी तथा स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। विभिन्न मार्गों पर यातायात पुलिस की प्रतिनियुक्ति की गई है, जबकि वाहनों की पार्किंग के लिए अलग–अलग स्थान चिन्हित किए गए हैं।




आपदा प्रबंधन के तहत मेला क्षेत्र में आपदा मित्रों को तैनात किया गया है, जो श्रद्धालुओं की सहायता के साथ–साथ किसी भी आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा चिकित्सा दल, एंबुलेंस, अग्निशमन दल और अन्य आपातकालीन सेवाओं को भी अलर्ट मोड में रखा गया है। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करें, निर्धारित मार्गों का उपयोग करें तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होने पर नियंत्रण कक्ष या निकटतम प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों से संपर्क करने को कहा गया है। प्रशासन ने विश्वास जताया है कि राजकीय राजगीर मलमास मेला–2026 का आयोजन सुरक्षित, व्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक वातावरण में संपन्न होगा।



# मलमास मेले में दिव्यांग और वृद्ध श्रद्धालुओं के लिए

## व्हीलचेयर सेवा बनी सहारा, ब्रह्मकुंड पहुंचने में आपदा मित्र कर रहे सहायता



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा पुलिस द्वारा प्रस्तुत सशक्त साक्ष्यों एवं समय पर दाखिल की गई चार्जशीट के आधार पर मारपीट के एक पुराने मामले में न्यायालय ने चार अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए दो–दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। माननीय एडीजे–08 (एडीजे–08), हिलसा, नालंदा की अदालत ने हिलसा थाना कांड संख्या–226/1995, धारा 341, 324 एवं 149 भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज मामले में चारों अभियुक्तों को दोषी पाया। दोषी ठहराए गए अभियुक्तों में पप्पू सिंह, पिता स्व. राजेंद्र सिंह, कृष्णा सिंह, पिता परमानंद सिंह, रामानंद सिंह, पिता स्व. रामावतार सिंह तथा परमानंद सिंह, पिता स्व. लक्ष्मण सिंह, सभी निवासी गुलनी गढ़पर, थाना हिलसा, जिला नालंदा शामिल हैं।न्यायालय ने सभी अभियुक्तों को भारतीय दंड संहिता की धारा 324/149 के तहत दोषी पाते हुए दो–दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही प्रत्येक अभियुक्त पर 5,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अदालत ने आदेश दिया है कि अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने की स्थिति में संबंधित अभियुक्त को छह माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले में प्रभावी अनुसंधान, साक्ष्यों के समुचित संकलन तथा अभियोजन पक्ष की मजबूत पैरवी के कारण न्यायालय में आरोप सिद्ध हो सके और दोषियों को सजा दिलाई जा सकी।

# मलमास मेले में बिछड़े श्रद्धालुओं को परिवार से मिलाया गया, परिजनों से मिलते ही खिल उठे चेहरे



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राजकीय राजगीर मलमास मेला–2026 के दौरान बिछड़े हुए श्रद्धालुओं को जिला प्रशासन की तत्परता से उनके परिजनों से मिलाया गया। परिजनों से मिलने के बाद श्रद्धालुओं के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। मेला क्षेत्र में भारी भीड़ के बीच कई श्रद्धालु अपने परिवार के सदस्यों से बिछड़ गए थे। सूचना मिलने के बाद प्रशासन द्वारा संचालित खोया–पाया केंद्र एवं अन्य संबंधित टीमों ने सक्रियता दिखाते हुए बिछड़े लोगों की पहचान कर उन्हें उनके परि. जनों से मिलाने का कार्य किया। अपने परिवार से मिलने के बाद श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली और जिला प्रशासन के इस मानवीय एवं सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। श्रद्धालुओं ने कहा कि भीड़भाड़ वाले मेले में प्रशासन की यह व्यवस्था लोगों के लिए काफी मददगार साबित हो रही है। जिला प्रशासन ने बताया कि मलमास मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सु. विधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खोया–पाया केंद्र, सूचना केंद्र और विशेष सहायता दल लगातार कार्य कर रहे हैं, ताकि किसी भी श्रद्धालु को परेशानी का सामना न करना पड़े।




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या
विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120
9931609015

# रेड क्रॉस के स्वास्थ्य जांच शिविर में 215 मरीजों की हुई जांच

## विशेषज्ञ चिकित्सकों ने निशुल्क परामर्श देकर मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा रविवार को विस्तारित भवन श्रम कल्याण केंद्र मैदान में साप्ताहिक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद एवं निसहाय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में बिहारशरीफ के विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कुल 215 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श प्रदान किया। साथ ही 40 लोगों की मधुमेह (शुगर) जांच भी की गई। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतीश कुमार ने 30, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 45, हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. अमरदीप नारायण ने 40, फिजिशियन डॉ. दीनानाथ वर्मा एवं डॉ. अखिलेश कुमार ने संयुक्त रूप से 80, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मृति सिन्हा ने 15 तथा फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम ने 15 मरीजों की जांच की। वहीं होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार एवं डॉ. रितेश कुमार ने भी मरीजों को परामर्श दिया। शिविर में पहुंचे लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आम लोगों के लिए काफी लाभदायक साबित हो रहे हैं।



रेड क्रॉस सोसाइटी ने बताया कि यह स्वास्थ्य जांच शिविर आगे भी प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा।शिविर के सफल संचालन में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार तथा आजीवन सदस्य बृज बिहारी, चंद्रमणि कुमार, रागिनी कुमारी, प्रमोद पंडित, शंभू कश्यप, नागेंद्र कुमार, कुणाल गौरव, साधु श्रम प्रसाद, डॉ. एस.एम. मुजफ्फर जमाल, प्रो. स्वधर्म, सुषमा कुमारी, मुस्कान कुमारी, अरुण कुमार और संजय कुमार सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सदस्यों ने मरीजों के पंजीकरण, कतार प्रबंधन एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित कर शिविर को सफल बनाने में योगदान दिया।

# मेला क्षेत्र में कुंड को छोड़ अन्य जगहों पर दिन में पसरा रहता है सन्नाटा

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजगीर(नालंदा)।** मेला में कुंड स्नान कर धार्मिक लाभ लेने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ काफी है। जैसे–जैसे मेला बीत रहा है स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ती ही जा रही है। खासकर महिला श्रद्धालुओं से राजगीर पटता दिख रहा है। वहीं मेला क्षेत्र में दिन में दुकानदारों का व्यवसाय नहीं चल रहा है। खासकर खेल तमाशे वाले दिन में बंद ही रहता है। खेल तमाशे की अधिक दरों के कारण गरीब परिवार के लोग इसका आनंद नहीं ले पा रहे हैं। वे शाम को मेला आते हैं पर घुमकर वापस लौट जाते हैं। इस बार मेला ठेकेदार द्वारा जमीन भी दुकानदारों को अधिक दर पर दी गयी है,इस कारण आधे दिन बीतने को है पर अभी तक दुकानदारों की पुंजी नहीं लौटी है। शनिवार व रविवार को छोड़ दें तो उनकी सेल अच्छी नहीं है। मेले में दिन के समय में सन्नाटा पसरा रहता है। मीना बाजार हो या फिर चुड़ी लहठी की दुकानें सभी में खाली–खाली रहता है। शाम को चहल–पहल होती है। लोग मेला में जाते हैं पर वहां पर सामान खरीदने से परहेज करते हैं। मेला में बाजार की तुलना में तीन गुणा अधिक दाम पर सामान मिलता है।

# मेला के बाद भी एनएच पर से नहीं हट सका अतिक्रमण

## पर्यटन सूचना केन्द्र के पास सालों से की गयी है सड़क की घेराबंदी, परेशानी




**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजगीर(नालंदा)।** पर्यटक नगरी में इन दिनों मलमास मेला लगा हुआ है। इसके बाद भी शहर की सड़कों पर अतिक्रमण नहीं हट पाया है। सड़क के किनारों में या तो गाड़ियां लगी होती है या फिर किसी ने लोहे की रॉड व तार से घेर कर अतिक्रमण कर रखा है। इस कारण शहर में छबिलापुर मोड़ से लेकर बिहाशरीफ पथ में स्टेशन मोड़ तक और छबिलापुर मोड़ से लेदुआ पुल तक जाम का नजारा देखने को मिलता है। खासकर शाम के समय तो काफी जाम लग जाता है। जिला प्रशासन ने साफ तौर पर कहा है कि एनएच पर अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। इसके बाद भी शहर के पुरानी पेट्रोल पम्प से लेकर पर्यटन सूचना केन्द्र के पास तक एनएच पर अतिक्रमण किया गया है। हालांकि यहां से रोजना जिला के डीएम से लेकर अन्य वरीय पदाधिकारियों का आना–जाना होता है। इसके बाद भी किसी की नजर इस पर अब तक नहीं गयी है। इस तरह के एनएच पर अतिक्रमण से कभी भी हादसा हो सकता है। लोगों ने कहा कि अगर कोई गरीब इस तरह से अतिक्रमण करता तो प्रशासन उसे तुरंत खाली करवाकर उसे मार–पीट करती। यहां तो बड़े होटल वाले ही पर्यटन सूचना केन्द्र के पास ही इस तरह से अतिक्रमण कर रखा है। इस पर किसी की बोलने की हिम्मत नहीं है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अतिक्रमण हटाने में एकरूपता होनी चाहिए चाहे वह बड़ा हो या छोटा सभी पर एक समान कार्रवाई की जानी चाहिए।

# मलमास मेले में खुलेआम मांस–मुर्गे की बिक्री से साधु–संत नाराज

## धार्मिक स्थलों की ओर जाने वाले मार्गों पर बिक्री बंद कराने की उठी मांग




**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजगीर(नालंदा)।** विश्व प्रसिद्ध राजगीर पुरुषोत्तम मलमास मेले के दौरान धार्मिक स्थलों के आसपास खुलेआम मांस और मुर्गे की बिक्री को लेकर साधु–संतों में नाराजगी देखी जा रही है। शाही स्नान के अवसर पर विभिन्न अखाड़ों के साधु–संतों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की है। रविवार को दूसरे शाही स्नान के दौरान देशभर से आए साधु–संतों के जत्थे ब्रह्मकुंड, सप्तधारा, सरस्वती कुंड और बैतरणी धाम में स्नान के लिए पहुंचे। इस दौरान संतों ने आरोप लगाया कि जिन मार्गों से श्रद्धालु और साधु–संत पवित्र कुंडों तक पहुंचते हैं, वहां खुलेआम मांस और मुर्गे की दुकानें संचालित की जा रही हैं। नई पोखर ठाकुरबाड़ी के निरंजन कुमार ने कहा किपुरुषोत्तम मलमास हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र माना जाता है। ऐसे धार्मिक आयोजन के दौरान मेला क्षेत्र और धार्मिक स्थलों के आसपास मांसाहारी सामग्री की बिक्री श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंचाती है। उन्होंने प्रशासन से मेले की अवधि तक कम से कम प्रमुख धार्मिक मार्गों और स्थलों के आसपास मांस एवं मुर्गे की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। साधु–संतों का कहना है कि राजगीर का मलमास मेला देश–विदेश में अपनी धार्मिक मान्यता और आध्यात्मिक परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है। ऐसे में मेले की पवित्रता और धार्मिक गरिमा बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। वहीं, इस मुद्दे को लेकर कई श्रद्धालुओं ने भी संतों की मांग का समर्थन किया है। हालांकि इस संबंध में प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।






# इस्लामपुर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित, स्प्रूहा योजना 2025 की दी गई जानकारी,विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर लोगों ने नशामुक्ति की शपथ ली

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण , नई दिल्ली, नालंदा जिला विधिक सेवा प्राधिकार तथा अनुमंडल विधिक सेवा समिति, हिलसा के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को इस्लामपुर प्रखंड के कोचरा स्थित कुशवाहा भवन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नालंदा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार गौरव, अनुमंडल विधिक सेवा समिति हिलसा के अध्यक्ष–सह–एडीजे आलोक कुमार पांडेय, सचिव–सह–एसडीजेएम कुमारी सावित्री, पैनल अधिवक्ता विजय कुमार एवं खुदागंज थाना में प्रतिनियुक्त पीएलवी आलोक कुमार की देखरेख में की गई। शिविर का मुख्य विषय नालसा की स्प्रूहा योजना–2025ᵇ रहा। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता विजय कुमार ने बताया कि यह योजना अपराध, कारावास, सामाजिक उपेक्षा और आर्थिक कठिनाइयों से प्रभावित व्यक्तियों एवं उनके परिवारों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत बंदियों, अंडरट्रायल कैदियों, अपराध पीड़ितों तथा उनके परिवारों को निःशुल्क विधिक सहायता, परामर्श, शिक्षा और पुनर्वास संबंधी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके साथ ही गरीब एवं कमजोर वर्गों को न्याय दिलाने, बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने तथा परिवारों की आजीविका को बनाए रखने पर विशेष बल दिया जाता है। विजय कुमार ने कहा कि योजना का उद्देश्य प्रभावित व्यक्तियों को समाज में सम्मानपूर्वक पुनर्स्थापित करना तथा उन्हें उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है।




उन्होंने बताया कि जेल में बंद व्यक्तियों के आश्रित परिवार, अंडरट्रायल कैदी, अपराध पीड़ित, महिलाएं, बच्चे एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।शिविर के दौरान विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी गई। पैनल अधिवक्ता ने बताया कि बंदियों के मामलों में लगातार कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है और कई मामलों में बंदियों को रिहाई भी दिलाई गई है। कार्यक्रम के अंत में पीएलवी आलोक कुमार ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सदस्य देशों द्वारा वर्ष 1987 में तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से इस दिवस की शुरुआत की गई थी। वर्ष 1988 से प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर उप. स्थित महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों ने तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली। कार्यक्रम में उज्ज्वला कुमारी, दौलती देवी, नीतू देवी, सिंधु कुमारी, सूर्यमणि देवी, कुसुम देवी, किरण देवी, सुनीता देवी, छोटेलाल कुमार, परमानंद प्रसाद, समदेश कुमार, विजय सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# नेताओं और आला अधिकारियों के कार्य से ताजनीपुर पंचायत के ग्रामीणों का फूटा गुस्सा



**केशववाणी विंद(नालंदा)।** नालन्दा के विंद प्रखण्ड के ताजनीपुर पंचायत में मदनचक के ग्रामीणों को आज़ादी के अब तक कोई सड़क नहीं मिला यहां के दर्जनों गांवों के जनता अपनी शिकायत वर्षों से नेताओं और आला अधिकारियों को अपनी परेशानियां बता चुके हैं, परन्तु आज तक कोई भी जनता प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी कोई भी सूझ बुझ नहीं ले रहा । वही यहां के जनता का कहना है कि जहां एक पुराना पुल को नोच कर इसका निर्माण किया पर आधा अधूरा ही छोड़ दिया गया । काफी आवेदन और शिकायत के बाद विगत सालों पहले एक छिलका काट कर एक पुलिया का निर्माण करवाया, यहां के लोगों का कहना है कि इस पुल का लगात लगभग 3 करोड़ की राशी में लिया गया पर इसका निर्माण कार्य बीच में कोई सरकारी अड़चनों के बीच इसका आधा ही निर्माण हो सका । जहां बारिश के दिनों में किसानों को अपनी फ़सल को अपनी आँखों के सामने बरबाद होते देखना पड़ता है। क्योंकि बारिश के दिनों में पूरा खेत जलमग्न हो जाता है । क्योंकि यहां के जनता को अगर कोई आपातकालीन स्थिति आ जाए तो उनको जहां 10 मिनट की रास्ता के चलते उनको 10।उ की सड़क से जाना पड़ता है । वही यहां के समाजस. `वी और जेडीयू नेता एवं मुखिया प्रत्याशी बंटी कुमार का कहना है कि हमने जहां तक हर एक प्रयास किया एमएलसी से लेकर एमपी और जिला अधिकारी तक हर जगह आवेदन दे दे कर और अपनी पंचायत का परेशानिया बता बता कर अपनी चप्पल घिस चुके है , जहाँ किसी को भी कान पर जूं तक नहीं रेंगा । उनका कहां है कि जब भी अपना शिकायत आला अधिकारियों को देते है तो वो कह देते है कि इसका डीपीआर और पुल निर्माण का हवाला दे कर बात को टाल देते है । यहां के जनता अभी काफी भयभीत है उनका कहना है कि अभी गर्मी के बाद वर्षा का दिन आने वाला है जाने हम लोगों का क्या होगा । वही बंटी कुमार का कहना है कि जनता की प्रतिनिधि और सेवक होने के नाते इसका निर्माण जल्द कराया जाए।

भारत के टॉप प्राईवेट यूनिवर्सिटी में शिक्षा के लिए करें आवेदन
अपने करियर को दे नई उड़ान......
1. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त
2. बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध
ENGINEERING | MEDICAL | MANAGEMENT | B.Ed
PHARMACY | AGRICULTURE | B.Sc NURSSING
COMPUTER APPLICATION | B.Sc, B.Com, B.A. M.Sc.
M.Com, M.A., PHd
& OTHER COURSES
आवेदन के लिए संपर्क करें
अमर वर्मा
संपर्क :- 8210335159
ग्राम देवधा निकट पावापुरी रोड, स्टेशन, बिहार शरीफ (नालन्दा)

BP
Shri Sai
Mob: - 7033325120
Brotherhood Properties Pvt Ltd
जमीन | मकान | दुकान | खरीद | बिक्री | निवेश | किराया
Pillar no-26, Ranchi Road Bihar Sharif Naanda 803101

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

हरि ॐ बाबा
ॐ
मो0-9162439318
माँ भगवती ज्योतिष केन्द्र एवं तंत्र, मंत्र, यंत्र संस्थान
हस्तरेखा, कुण्डली, रत्नपरामर्श, ग्रह शांति उपाय वास्तु परामर्श हेतु सम्पर्क करें
मिलने का समय - सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे
नोट- यहाँ कुत्ता, सांप, बिच्छा, बिछौती, जौंडिस, छुतहा भी झाड़ा जाता है।
स्थान- श्री सती स्थान गोलापर, मथुरिया महल्ला, बिहार शरीफ (नालन्दा)